Land for Land

कार्यालय जिला कलक्टर कोटा

क्रमांकःप. ( )राजस्व–ााा / 16 / 1555 दिनांक 9 –6–2016

तहसीलदार सांगोद
जिला कोटा

विषय :–सेठ भामाशाह कृषि उपजमण्डी समिति(अनाज) कोटा के दक्षिण दिशा की ओर वन विभांग की भूमि में से 74 हेक्टर भूमि के आवंटन चाहने हेतु।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पृष्ठांकन क्रमांक 1146 दिनांक 29.4.2016

महोदय,

सचिव, कृषि उपजमण्डी समिति (अनाज) कोटा ने पत्र सं0 2677 दिनांक 21.12.2015 तथा पत्रं सं0 164 दिनांक 21.4.2016 में उल्लेख किया है कि वर्तमान मण्डी प्रांगण छोटा पडने के कारण मण्डी यार्ड के विस्तार हेतु दक्षिण दिशा में सटी हुई वनविभाग की खाली , पथरीली , गहरे गड्डों वाली 74 हेक्टर भूमि का, ग्राम गुरायता में स्थित अन्य राजकीय भूमि के बदले आवंटन ,करने का कष्ट करें । सचिव, कृषि उपजमण्डी द्वारा वनभूमि के बदले ग्राम गुरायता ,तहसील सांगोद,की सिवायचक भूमि का विवरण भी संलग्न किया गया था जिसकी प्रति आपको प्रेषित की गई थी।

उक्त वनभूमि के संबंध में आवश्यक राजस्व रेकार्ड ,मौका निरीक्षण रिपोर्ट तथा आपकी टिप्पणी प्रतिक्षित है। कृपया इस संबंध में मौका निरीक्षण शीघ्र करवाया जाकर आपकी रिपोर्ट मय आवश्यक दस्तावेज एक सप्ताह में भिजवावें।

भवदीय

अति0 ~~जिला~~ कलक्टर,
कोटा

क्रमांकःप. ( )राजस्व–ााा / 15 / दिनांक –6–2016

प्रतिलिपी :–1–तहसीलदार,लाडपुरा ,कोटा को कार्यालय के पूर्व पत्र सं0 1145 दिनांक 29.4.2016 के संदर्भ में भेजकर लेख है कि तत्काल मौका निरीक्षण कर कृषि विपणन विभाग की उक्त मांग का सत्यापन कर रिपोर्ट मय टिप्पणी भिजवाने का श्रम करें।

2–सचिव, कृषि उपजमण्डी समिति (अनाज) कोटा को भेजकर लेख है कि भूमि के चयन के पश्चात वन अधिकार अधिनियमं के तहत प्रमाणपत्र संबंधी कार्यवाही किया जाना उचित होगा।

Sd/-

अति0 जिला कलक्टर,
कोटा

Land for Land

कार्यालय जिला कलक्टर कोटा

क्रमांकःप. ( )राजस्व–ााा / 16 / 3038 दिनांक 23 –11–2016

सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति
(अनाज) कोटा

विषय :–सेठ भामाशाह कृषि उपजमण्डी समिति(अनाज) कोटा के दक्षिण दिशा की ओर वन विभांग की भूमि में से 74 हेक्टर भूमि के आवंटन चाहने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रकरण में तहसीलदार लाडपुरा के पत्र दिनांक 22.11.2016 से प्राप्त संशोधित प्रस्ताव एवं सामूहिक विचार विमर्श के निष्कर्षानुसार निम्न वर्णित 74 हेक्टेयर वन भूमि के बदले राजस्व विभाग की ग्राम गुरायता , तह0 सांगोद की 74 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव विचारणीय हैं–

क्रम सं	नाम ग्राम	खसरा नं0	कुल रकबा (हे0 में)	प्रस्तावित रकबा
1	अनन्तपुरा	284 / 316	136.97	24.15
		286	12.81	4.71
		287	26.75	15.66
		288	8.08	5.82
2	उम्मेदगंज	499	2.12	1.33
		500	36.26	19.49
		501	3.02	2.84
		योग	किता 8	74.00

अतः कृपया उक्तानुसार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में अनुमति संबंधी अथवा वनाधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 के तहत अनापत्ति प्रमाणपत्र संबंधी ऑनलाईन कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

अति0जिला कलक्टर,
कोटा